


# चालीस डिग्री तापमान के बीच मंदिरों में आस्था की भीड़

## पुरूषोत्तम मास में शिवालयों में लग रहा भक्तों का तांता, महामृत्युंजय मंदिर में लगी कतार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जून, पुरूषोत्तम मास (मलमास) का समय इस समय चल रहा है, 40 डिग्री तापमान के बीच आस्था की भीड़ मंदिरों के बाहर देखने को मिली. सोमवार को किला स्थित महामृत्युंजय मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिये भक्तो की भीड़ लगी रही. इस समय पुरूषोत्तम मास में दान, पुण्य का विशेष महत्व है.**



एक माह तक चलने वाले पुरूषोत्तम मास में गंगा स्नान सहित मंदिरो में दर्शन करने के अलावा लोग भागवत कथा का श्रवण करते है. पुरूषोत्तम मास का अपना अलग ही धार्मिक महत्व है. सोमवार को किला स्थित महामृत्युंजय मंदिर में सुबह से भक्तो का ताता लगा रहा. पट खुलने के साथ दर्शन शुरू हुए और देर रात तक भक्तो की भीड़ लगी रही. दोपहर 12 बजे तापमान 40 डिग्री पहुंचने के बाद भी बाहर धूप में कतार लगी रही. भारी संख्या में भक्तगण पहुंचे और भगवान महामृत्युंजय को जल चढ़ाकर पूजा अर्चना की. वही मंदिर परिसर में लगातार भंडारे चल रहे है. हर सोमवार को यहा भंडारा का प्रसाद वितरण होता है. इसी तरह कोठी कम्पाउंड स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भक्तो का ताता लगा रहा. सुबह से लेकर शाम तक भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने लोग पहुंचते रहे.

शिव मंदिर के अलावा राम-जानकी मंदिर पचमठा एवं लक्ष्मणबाग में भी दर्शन के लिये भक्त पहुंच रहे है. पुरूषोत्तम मास का अपना अलग ही महत्व होता है. अत्यंत पवित्र और अध्यात्मिक महत्व रखने वाला यह पुरूषोत्तम मास है. एक महीने तक चलने वाले इस महीने में लोग घरो में कथा एवं भागवत कथा कराते है. शहर के चोरहटा स्थित राम-जानकी मंदिर में श्रीराम कथा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. 3 जून से 11 जून तक श्रीराम कथा चलेगी और पुर्णाहूति के साथ भंडारे का प्रसाद 11 जून को वितरित किया जायेगा. प्रतिदिन हवन के साथ कथा चल रही है.

# अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई

## एक जेसीबी एवं चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां की गई जब्त

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 8 जून, मऊगंज जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन का खेल चल रहा है. अवैध उत्खनन को लेकर कई बार कलेक्टर द्वारा जुर्माना भी किया जा चुका है उसके बाद भी अवैध उत्खनन थमने का नाम नही ले रहा है. तालाब में जेसीबी मशीन लगाकर किये जा रहे अवैध उत्खनन पर कार्यवाही करते हुए जेसीबी मशीन और चार ट्रैक्टर ट्राली जप्त की गई.**



गौररतलब है कि मऊगंज जिले के हनुमना, सीतापुर, नईगढ़ी आदि क्षेत्र में लम्बे समय से पत्थर, पटिया और मुरूम का अवैध उत्खनन हो रहा है. स्थानीय ग्रामीण भी अवैध उत्खनन से परेशान है और लगातार शिकायत की जाती है. जिले में अवैध उत्खनन एवं खनिज परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन में प्रशासन एवं पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है.

इसी क्रम में सिंधार्थ महावीरपुर तालाब क्षेत्र में अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर एक जेसीबी मशीन तथा चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त की गई. जब्त की गई जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर-ट्रॉलिय को थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन एवं शासकीय संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निगरानी, संयुक्त निरीक्षण एवं रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई जाए ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके.जिला प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि अवैध उत्खनन अथवा खनिज परिवहन संबंधी किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को दें, जिससे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके.

### एसपी ने तीन आरोपियों पर की ईनाम की घोषणा

**मऊगंज,** पुलिस अधीक्षक मऊगंज सुरेन्द्र कुमार जैन ने तीन फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर दो-दो हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है. पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपी संजीव सिंह उर्फ सिम्पू सिंह पिता गजराज सिंह निवासी ग्राम करह, आशीष साकेत पिता सुदामा प्रसाद साकेत निवासी ग्राम हर्दी तिवरियान तथा फरार आरोपी विक्रम कोल उर्फ बीके कोल पिता छोटेलाल कोल निवासी ग्राम भौआर की गिरफ्तारी पर ईनाम की घोषणा की है. आरोपी की गिरफ्तारी कराने अथवा इस संबंध में सूचना देने वाले को नगद ईनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा. पुरस्कार के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक मऊगंज का होगा. ईनाम की घोषणा पुलिस रेग्युलेशन एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई है.

## संक्षिप्त

### जनजातीय आयोग के अध्यक्ष आज त्योंथर में

**रीवा,** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजातीय आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल 9 जून को सुबह 10 बजे रीवा से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे त्योंथर पहुंचकर भगवान बिरसा मुण्डा शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे. कार्यक्रम के बाद श्री रौतेल रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे.

### जन परामर्श बैठक का आयोजन 10 को

**रीवा,** समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य कानूनविद अनूप नायर की अध्यक्षता में जन परामर्श बैठक 10 जून को सुबह 10.30 बजे रीवा स्थित कन्या महाविद्यालय के आडिटोरियम में आयोजित की गई है. जिले के समस्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों, बारकाउसिल, महिला एवं बाल विकास अधिकार संरक्षण से संबंधित गणमान्य व्यक्तियों, शांति समिति के सदस्य, सामाजिक संगठन तथा विभिन्न समुदाय के प्रतिनिधि बैठक में भाग लेंगे. सभी से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया गया है.

### कमिश्नर आज करेंगे टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद 9 जून को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार मी आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे. बैठक में मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की भी विभागवार समीक्षा की जाएगी. बैठक में पेयजल व्यवस्था, संचारी रोगों से बचाव तथा ई आफिस व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

### वनाधिकार एक्ट की संभागीय कार्यशाला 10 को

**रीवा,** वनाधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के संबंध में संभागीय कार्यशाला 10 जून को आयोजित की जा रही है. कार्यशाला कमिश्नर कार्यालय सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि कार्यशाला में आयुक्त सह संचालक जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनाएं भोपाल के विषय विशेषज्ञों द्वारा सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन के संबंध में अवधारणा तथा प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी. संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, वन मण्डलाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सहायक आयुक्त तथा जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग, सभी एसडीएम तथा एसडीओ वन कार्यशाला में शामिल रहेंगे.

### मऊगंज में वाटरशेड सलाहकार समिति की बैठक 10 को

**मऊगंज,** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत गठित जिला वाटरशेड विकास सलाहकार समिति की बैठक 10 जून को आयोजित की जा रही है. बैठक दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आरंभ होगी. इसकी अध्यक्षता कलेक्टर संजय कुमार जैन करेंगे. जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.




### वृक्षारोपण के साथ की गई सफाई

**रीवा,** वार्ड क्रमांक दो बनिया तालाब के पास अटल मंडल अंतर्गत पार्टी द्वारा पीपल बरगद का वृक्षारोपण किया गया साथ ही सफाई स्वच्छता भी किया गया. जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार गुप्ता के साथ में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडे, प्रबोध व्यास, मंडल अध्यक्ष गौरव पांडे, मंडल प्रभारी शरद साहू, श्रीमती साधना गुप्ता, मंडल महामंत्री श्रीकृष्ण गुप्त एड, डॉ सी एल रावत पूर्व मंडल अध्यक्ष शेखर सचदेवा मंडल, उपाध्यक्ष दिलीप तिवारी जी, शिवाकर कुशवाहा,मंत्री मधु द्विवेदी, पूनम मिश्रा, अखिलेश शुक्ला,अशोक वर्मा,बुद्धसेन नापित, प्रभात दीक्षित,अमित द्विवेदी,श्रीमती चंद्रकली शुक्ला, रितेश द्विवेदी रमेश राठौड़, आनंद त्रिपाठी, दिव्यांशु जी, अरविंद झंझोत,आशा गुप्ता,आशीष पांडे,प्रतिमा मिश्रा,और सैकड़ो मोहल्ले वासियों के साथ में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम में संतोष मिश्रा डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह तोमर, रविकांत पांडे जानवी त्रिपाठी नीलू भैया सत्यनारायण कुशवाह श्रीनिवास परोहा हनुमान प्रसाद शुक्ला आर के पटेलगोलू वर्मा सम्मिलित हुए.

### आज लगेगा शिविर

**रीवा,** नगरीय प्रशासन एवं विकास के निर्देश पर 'लोक कल्याण मेला' का आयोजन नगर निगम रीवा द्वारा 02 जून से 13 जून तक किया जा रहा है. इस आयोजन में नगरीय क्षेत्र के पथ विक्रेताओं के पंजीयन एवं पीएम स्वनिधि योजना के आवेदन जोनवार शिविर के माध्यम से प्राप्त किये जायेगे. इस कड़ी में शिविर 09 जून को आरटीओ ऑफिस के पास वार्ड 15 में दोपहर 3 बजे 6 बजे तक आयोजित होगी.

# जिले में 12 से 18 जून तक लगेंगे जनकल्याण शिविर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जून, जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 21 जून विश्व योग दिवस तक विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं.**

इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार जिले में 12 जून से 18 जून तक विकासखण्ड मुख्यालयों तथा नगरीय निकाय के मुख्यालयों में जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे. प्रत्येक शिविर तीन दिवसीय होगा. इन शिविरों में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का विभागवार पंजीयन किया जाएगा. शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, वय वंदना योजना, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, लखपति दीदी योजना, व्हीबी जीरामजी योजना के छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा. इन शिविरों में एसडीएम तथा खण्ड स्तरीय अधिकारी सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम में लंबित प्रकरणों का निराकरण करेंगे.

# जेसीबी और बोलेरो में तोड़फोड़ कर तीन लोगों पर हमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जून, जिले के मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनिकवार नंबर 2 में बीती रात्रि तकरीबन 12 बजे आधा दर्जन की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने जेसीबी और बोलेरो में तोड़फोड़ करते हुए मारपीट की वारदात को अंजाम दिया. घायलों ने 70 से 80 हजार रुपए लूट का भी आरोप लगाया है घटना की सूचना पुलिस को दी गई है.**

घटना के संबंध में शिवेंद्र पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि तकरीबन 12 बजे उनकी जेसीबी मनिकवार नंबर 2 में खनन का काम कर रही थी. इसी दौरान कुछ युवक आए और जेसीबी के ऑपरेटर से रुपए मांगने लगे जब ऑपरेटर ने रुपए देने से इनकार कर दिया तो आरोपियों ने जेसीबी में तोड़फोड़ करते हुए चालक के साथ मारपीट की. इसकी सूचना जैसे ही पवन पटेल और अंकित पटेल को हुई तो वह भी बोलेरो से मौके पर पहुंचे जहां आरोपियों ने बोलेरो में भी तोड़फोड़ करते हुए पवन और अंकित से भी मारपीट की. शिवेंद्र बताया कि इस पूरी वारदात के दौरान आरोपियों ने बोलेरो में रखे हुए 60 से 70 हजार रुपए भी लूट लिए हैं. मारपीट की इस घटना में पवन पटेल अंकित पटेल सहित जेसीबी का ऑपरेटर पुनीत पटेल घायल हुए हैं. जिन्हे संजय गांधी में भर्ती कराया गया है.

### विश्व योग दिवस की तैयारियां जोर-शोर से

जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा. इसके लिए आयुष विभाग को नोडल अधिकारी बनाया गया है. डिजिटल माध्यम से विश्व योग दिवस से जुड़ी गतिविधियों का लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है. इस संबंध में जिला आयुष अधिकारी डॉ. शारदा मिश्रा ने बताया कि विश्व योग दिवस के लिए फ्री लाइव योगा सेशन प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं. अब तक जिले के 9503 व्यक्ति जुड़कर नियमित योगाभ्यास में शामिल हो रहे हैं. विभाग के योग ऐप में भी अब तक 1851 लोगों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है.

# महापौर ने की समीक्षा, कहा बरसात में सभी टीमें रहे अलर्ट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जून, महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने सोमवार को निगम सभागार में वर्षा पूर्व तैयारियों, बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों तथा जलप्रदाय एवं सीवरेज संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की.**



बैठक में वर्षा की स्थिति को देखते हुए महापौर ने कहा कि पिछले वर्ष जो स्थिति निर्मित हुई थी, वह इस बार पुनः न हो. शहरवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए महापौर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत समाधान हेतु बनाई गई कार्ययोजना की जानकारी ली. साथ ही सभी अधिकारी-कर्मचारियों को टीम भावना से कार्य करते हुए आगामी वर्षाकाल की चुनौतियों का सामना करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि 15 जून से सभी टीमें अलर्ट मोड पर रहें. सभी अधिकारी-कर्मचारियों के वर्षाकाल संबंधी ड्यूटी निर्धारित कर दी जाए. साथ ही महापौर ने वर्षाकाल के दौरान नगर निगम कंट्रोल रूम में ड्यूटी निर्धारित कर 24म7 टीम तैनात रखने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिस दिन अधिक वर्षा होने की संभावना हो, उसके पूर्व ही नगर निगम अलर्ट मोड में कार्य करे तथा बेहतर कार्ययोजना तैयार कर ले, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति में त्वरित रिस्पॉन्स दिया जा सके एवं उत्पन्न समस्याओं का शीघ्र समाधान हो.

### सांसद की यात्रा आज

**रीवा, 8 जून,** 9 जून से 14 जून तक सांसद जनार्दन मिश्रा रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के स्वच्छता कार्यक्रम प्रगति पथ यात्रा विशेष जनसंपर्क अभियान वृक्षारोपण प्रगति पथ यात्रा पर रहेंगे. सांसद श्री मिश्रा के साथ विधानसभा में निवासरत जनप्रतिनिधि जिला पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष जिला पंचायत जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि साथ में रहेंगे. सांसद 9 जून को 10:30 बजे से 12:00 बजे तक स्वच्छता कार्यक्रम प्रगति पथ यात्रा सेमरिया मंडल में रहेगे.

# अवैध कब्जे से प्रशासन ने मुक्त कराई भूमि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जून, रीवा शहर के समान थाना क्षेत्र में एक बड़े भू भाग को प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में आज खाली कराया गया.**

उक्त भूमि में पिछले कई दशकों से कुछ आदिवासी परिवार निवास कर रहे थे, जिन्हें आज जमीन से हटाया गया है. कार्रवाई को लेकर तहसीलदार अनुपम पांडे ने बताया कि संजय सोनी नामक व्यक्ति के द्वारा जमीन खाली करने के लिए तहसील न्यायालय में वाद दायर किया गया था, उक्त प्रकरण मे 2 सितंबर 2025 को बेदखली का आदेश पारित हुआ जिस पर आज कार्रवाई की गयी है. हालांकि इस भूमि से कब्जा हटाने के लिए बीते काफी समय से फरियादी के द्वारा पुलिस थाना से लेकर कोर्ट, हाईकोर्ट तक आवेदन दिया जा चुका है. जिस पर हाईकोर्ट से भी बेदखली का आदेश पारित होने के बाद जमीन खाली नहीं हो पाई थी. इधर बेदखल किए गए परिवारों का कहना है कि वह एवं उनके परिवार के लोग कई दशकों से भूमि में निवास कर रहे हैं. हालांकि फरियादी संजय सोनी के द्वारा कई वर्ष पहले ही इस भूमि को कुछ लोगों को बेचा गया है, जिसे खाली करने के लिए कानूनी लड़ाई चल रही थी और संजय सोनी को ही आवेदक बनाया गया था. तहसील न्यायालय के 2025 में दिए गए आदेश का पालन हुआ.

# पेंशनर्स अपनी 6 सूत्रीय मांगों का सौंपेंगे ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जून, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन म.प्र. जिला शाखा रीवा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया है कि प्रान्तीय निकाय के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी 400 तहसीलों में पेंशनर्स अपनी 6 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम से तहसीलदार/ एस.डी.एम. के माध्यम से सौपेंगे.**



आज की बैठक में सभी तहसीलो एवं विकासखण्ड के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे, तहसील अध्यक्षों द्वारा बताया गया कि उनके तहसीलो में सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है, साथ ही पेंशनरों में अपनी मांगो एवं कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह दिख रहा है. बैठक के अंत में गुढ़ तहसील शाखा के पूर्व अध्यक्ष स्व. शीतला प्रसाद शर्मा के निधन एवं स्व. सत्यनारायण त्रिपाठी ग्राम नीदा सिरमौर का निधन होने पर 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा को श्रृद्धांजलि अर्पित की गई. बैठक में राजर्षिदेव पाण्डेय, यदुवीर द्विवेदी, नागेन्द्र प्रसाद शुक्ला, रामगोपाल मिश्रा, सिद्धमुनि पाण्डेय, उमाकान्त तिवारी, दामोदर प्रसाद पयासी, वंशगोपाल त्रिपाठी, मनमोहन लाल मिश्रा, सीताराम तिवारी, राजकिशोर तिवारी, आर.बी. शर्मा, न्याजुल्ला खांन, उर्मिला प्रसाद उपाध्याय, अमिरूल्ला खांन आदि मौजूद रहे.

# शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जून, गढ़ पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन सहित 25 पेटी शराब और एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.**

कार्रवाई के संबंध में थाना प्रभारी अवनीश पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती शाम तकरीबन 7 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि एक स्कॉर्पियो वाहन में शराब लोड कर लेजाई जा रही है. जिसके बाद कटरा के समीप घेराबंदी कर उक्त स्कॉर्पियो वाहन को पकड़ा गया जिसकी तलाशी के दौरान वाहन के अंदर से 25 पेटी शराब जप्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत 1लाख 12 हजार रुपए बताई गई है. पुलिस ने मौके से स्कॉर्पियो जप्त कर वाहन चला रहे सिद्धार्थ सिंह नामक व्यक्ति को पकड़ा है पुलिस ने वाहन सहित आरोपी और शराब की खेप को लेकर गढ़ थाना पहुंची जहां आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया. मामले में दो आरोपी फरार है.

# लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के निर्देश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जून, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं कि तहसीलों में लंबित सीमांकन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करायें.**

उन्होंने कहा है कि जिले की विभिन्न तहसीलों में सीमांकन के बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं. सीमांकन कार्य राजस्व प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है तथा इसके लंबित रहने से आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है. वर्षा ऋतु प्रारंभ होने पर सीमांकन कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे प्रकरणों के निराकरण में और अधिक विलंब होता है. सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाय.

# जुआ फड़ में पुलिस की दबिश, तीन गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जून, शहर की सिटी कोतवाली पुलिस ने जुआ फड़ में छापेमार कार्रवाई करते हुए फड़ संचालक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस ने जुआरियों के पास से ताश के 52 पत्ते सहित 10 हजार की नगदी भी बारामद की है, वही कार्रवाई के दौरान कई अन्य जुआरी मौके से भाग खड़े हुए. यह कार्रवाई थाना क्षेत्र में स्थित नया तालाब के समीप हरिजन बस्ती में की गई है. सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निशा मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि नया तालाब के समीप स्थित बस्ती में जुए की फड़ संचालित की जा रही है. जहां ताश के पत्तों पर लोग हारजीत की बाजी लगातें है. उक्त सूचना के बाद आज थाना प्रभारी ने अपनी हमराह टीम के साथ दबिश देते हुए मौके से जुआ फड़ के संचालक सहित तीन लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है.

तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से ताश के पत्तों सहित 10 हजार की नगदी भी बारामद की है. फिलहाल मामले में पकड़े गए जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट का प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है, जबकि मौके से फरार हुए आरोपियों की तलाश अभी जारी है.

गौरतलब है कि रविवार को जुआ फड़ का वीडियो वायरल हुआ था जिसके बाद पुलिस भी सवाल खड़े हो रहे थे. लोगो का तो यहा तक कहना था कि यह खेल पुलिस के संरक्षण में ही चल रहा है. यही वजह है कि कार्यवाही नही हो रही है.